

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस

PATWAR

HIGH COURT

रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF

BANK

SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS

शिक्षक
I[st] ग्रेड

REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 12 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 12 दिसंबर का इतिहास

- **1971 :** भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधाए रद्द कर दी गई।
- **1232 :** गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने ग्वालियर पर कब्जा किया।
- **1996 :** भारत एवं बाग्लादेश के मध्य गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1911 :** भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई।

## 12 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- टेक्नोटेक्स 2023, 22-24 फरवरी 2023 को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। टेक्नोटेक्स 2023 कपड़ा क्षेत्र में स्टार्टअप उद्यमियों के लिए उद्योग के नेताओं के साथ जुड़ने का एक अवसर है। यह भारत में तकनीकी कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन होगा और सीईओ, निर्माताओं, खरीद प्रबंधकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम कपड़ा मंत्रालय द्वारा नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।
- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह लोकसभा में बहु-राज्य सहकारी समितियां विधेयक 2022 पेश करेंगे। यह विधेयक बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम 2002 में संशोधन करने के लिए है। विदेश मंत्री एस जयशंकर विचार और पारित करने के लिए एंटी-मैरीटाइम पायरेसी बिल 2019 पेश करेंगे। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव राज्यसभा में वन्यजीव संरक्षण विधेयक 2022 पेश करेंगे।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने चेन्नई स्थित अग्नि कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में वर्चुअल ड्रोन ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने ड्रोन यात्रा 2.0 को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि भारत ड्रोन प्रौद्योगिकी में अत्याधुनिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने पहले ड्रोन कौशल तथा प्रशिक्षण सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर एक ड्रोन का परिचालन भी किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने यूपीआई भुगतान सेवाओं को ओर बेहतर बनाने के लिए सिंगल ब्लॉक और मल्टीपल डेबिट कार्यप्रणाली शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा के तहत ग्राहक किसी मर्चेंट के लिए अपने बैंक खाते में एक फिक्स अमाउंट को ब्लॉक करा सकता है। यह धनराशि सेवा पूरी होने के बाद अपने आप ग्राहक के खाते कट जाएगी। आरबीआई के अनुसार इससे ई-कॉमर्स क्षेत्र में भुगतान करने और साथ ही सेकेंडरी कैपिटल बाजार में सिक्योरिटी में निवेश करने में आसानी होगी। साथ ही ग्राहकों को होटल बुकिंग के साथ ई-कॉमर्स मंचों पर लेनदेन का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद में भी मदद मिलेगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने घोषणा की है कि सिंगल-ब्लॉक-एंड-मल्टीपल-डेबिट की अनुमति देने के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस लेनदेन के दायरे का विस्तार किया जाएगा। साथ ही भारत बिल भुगतान प्रणाली का दायरा अब व्यवसायों और व्यक्तियों के लिए आवर्ती और गैर-आवर्ती दोनों भुगतानों को संभालने के लिए विस्तारित किया जाएगा। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम अगले छह महीनों में यूपीआई ओर बीबीपीएस के लिए इन बदलावों को लागू करेगा। यूपीआई में वर्तमान में आवर्ती के साथ साथ सिंगल ब्लॉक और सिंगल डेबिट लेनदेन के लिए भुगतान अधिदेश को संसाधित करने की कार्यक्षमता शामिल है।
- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक एकीकृत कृषि निवेश पोर्टल के बनाए जाने का शुभारंभ किया। उन्होंने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष सुश्री मेलिंडा फ्रेंच गेट्स के साथ बैठक के दौरान कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पोर्टल के बनाए जाने का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कृषि निवेश पोर्टल कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि निवेशकों के लिए एक केंद्रीयकृत वन-स्टॉप पोर्टल होगा।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं ने एक ओशन वेब एनर्जी कन्वर्टर विकसित किया है। यह कन्वर्टर समुद्री तरंगों से बिजली उत्पन्न करेगा। इसे सिंधुओ-1 नाम दिया गया है, जिसका अर्थ है समुद्र से उत्पन्न। इस उपकरण का परीक्षण नवंबर 2022 मे सफलतापूर्व पूरा किया गया था। डिवाइस को तमिलनाडु के तूतीकोरिन के तट से लगभग 6 किमी दूर 20 मीटर की गहराई वाले स्थान पर तैनात किया गया था।
- ट्राई ने एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट के लिए कोई शुल्क नही लगाने का फैसला किया है। ट्राई द्वारा आपदाओं/गैर आपदाओं के दौरान कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट के लिए टैरिफ पर टेलीकॉम टैरिफ आदेश 2022 जारी किया गया है। ट्राई ने फैसला किया है कि आपदा के दौरान या आपदा से पहले भेजे गए एसएमएस और सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट के लिए कोई शुल्क नही लिया जाएगा।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 दिसंबर (B) 12 दिसंबर
(C) 13 दिसंबर (D) 14 दिसंबर

**(B)** प्रतिवर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस को मनाने का उद्देश्य सारे विश्व में कही भी हर व्यक्ति को सस्ती, गुणवतापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए सभी देशों में मजबूत और लचीली स्वास्थ्य प्रणालियों को स्थापित करना और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।




**2. अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 12 दिसंबर (B) 13 दिसंबर
(C) 14 दिसंबर (D) 20 दिसंबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस एक संयुक्त राष्ट्र मान्यता प्राप्त दिवस है जो प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में तटस्थता के मूल्य के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। यह आधिकारिक तौर पर फरवरी 2017 में अपनाए गए संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव द्वारा घोषित किया गया था और पहली बार 12 दिसंबर 2017 को मनाया गया था।




**3. भारत किस वर्ष तक 8वां सबसे बड़ा विज्ञापन बाजार बन जाएगा ?**

(A) 2023 (B) 2024
(C) 2025 (D) 2026

**(B)** हाल ही में ग्रुपएम ने अपने दिस ईयर, नेक्स्ट ईयर 2022 रिपोर्ट में भारत को वैश्विक स्तर पर नौंवे सबसे बड़े विज्ञापन बाजार के रूप में स्थान दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 में भारत का कुल विज्ञापन राजस्व 15.8 प्रतिशत बढ़कर 14.9 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।




**4. हाल ही में आरबीआई ने रेपो रेट 0.35% से बढ़ाकर कितने प्रतिशत किया ?**

(A) 2.65% (B) 3.95%
(C) 4.75% (D) 6.25%

**(D)** आरबीआई गवर्नर ने आरबीआई ने रेपो रेट में 0.35% बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब आरबीआई की रेपो रेट 5.4% से बढ़कर 6.25% हो गई है। इससे पहले आरबीआई ने अक्तूबर और अगस्त में भी रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की थी। मई महीने में भी हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट को 50 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 4.90% कर दिया गया था।



**5. हाल ही में गूगल ने किस देश में गलत सूचना विरोधी अभियान शुरू किया ?**

(A) भारत (B) जापान
(C) बांग्लादेश (D) पाकिस्तान

**(A)** हाल ही में गूगल ने भारत देश में गलत सूचना विरोधी अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत गूगल प्रीबंकिंग वीडियो का उपयोग करेगी। प्रीबंकिंग वीडियो व्यापक होने से पहले झूठे दावों का मुकाबला करने के लिए डिजइन किए गए हैं। इसका उपयोग यूट्यूब प्लेटफॉर्म ओर अन्य सोशल मीडिया साइटों पर किया जाएगा।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. विश्व बैंक पर्यावरण प्रबंधन के लिए किस देश को 250 मिलियन अमरीकी डॉलर की वितीय मदद देगा ?**

(A) भारत (B) बांग्लादेश
(C) पाकिस्तान (D) जापान

**(B)** विश्व बैंक ने पर्यावरण प्रबंधन को मजबूत करने और हरित परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने में बांग्लादेश की सहायता के लिए 250 मिलियन अमरीकी डॉलर के वितपोषण को अधिकृत किया है। बांग्लादेश पर्यावरण स्थिरता और परिवर्तन परियोजना, यदि सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जाती है, तो ग्रेटर ढाका और उससे आगे के 21 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित करते हुए, महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने में देश की सहायता करेगी।




**7. पंबन ब्रिज निम्नलिखित में से किनके बीच कनेक्टिविटी बढ़ाएगा ?**

(A) माजुली द्वीप और असम की मुख्य भूमि के बीच
(B) मुनरो द्वीप और केरल की मुख्य भूमि के बीच
(C) दीवर द्वीप और गोवा की मुख्य भूमि के बीच
(D) रामेश्वरम द्वीप और तमिलनाडु की मुख्य भूमि के बीच

**(D)** रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु की मुख्य भूमि से जोड़ने वाले 2.05 किलोमीटर लंबे पंबन रेलवे ब्रिज के पुनर्निमाण के काम में तेजी आई है। यह भारत की मुख्य भूमि को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ने वाला भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज होगा। अब तक इसका 84% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।



**8. हाल ही में हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन में किस फिल्म ने स्पॉटलाइट अवार्ड जीता?**

(A) आरआरआर (B) बाहुबली
(C) सीता रामम (D) केजीएफ

**(A)** निर्देशक एसएस राजामौली ने न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीतने के बाद आरआरआर ने हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन में स्पॉटलाइट अवार्ड जीता हैं। एंजेला बैसेट और रियान जॉनसन के साथ आरआरआर के कास्ट एंड क्रू को लॉस एंजिल्स में 6वें एचसीए फिल्म अवॉर्ड्स में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




**9. हाल ही में किस राज्य में दवाओं के परिवहन के लिए भारत का पहला ड्रोन स्टेशन स्थापित किया गया है ?**

(A) गोवा (B) सिक्किम
(C) मेघालय (D) हिमाचल प्रदेश

**(C)** हाल ही में मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले के एक अस्पताल में दवाओं के परिवहन के लिए भारत के पहले ड्रोन स्टेशन का उद्घघाटन किया गया। इस अवसर पर एक दूरस्थ स्थान पर 1.5 किलोग्राम दवाओं की हवाई डिलीवरी की गई। सर्टिप्लेन X3 ड्रोन को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पेलोड पहुंचाने में 36 मिनट का समय लगा।



**10. आवास जीवन के अधिकार का एक अनिवार्य हिस्सा है, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किस मामले में इसे प्रतिपादित किया गया ?**

(A) केशवानंद भारती वाद (B) मिनर्वा मिल्स वाद
(C) मेनका गांधी वाद (D) ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम वाद

**(D)** हाल ही में पुलिस के द्वारा बुलडोजर से एक घर गिराए जाने के बाद मामले की सुनवाई के दौरान पटना उच्च न्यायालय ने पटना शहर के एक थाने के पुलिस अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र के अतिक्रमण के लिए दोषी ठहराया है। ओल्गा टेलिस बनाम म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन बाद वाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की बेंच ने फैसला सुनाया कि आवास जीवन के अधिकार का एक अनिवार्य हिस्सा है।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज